बालाजी संकट दूर भगा दे

घुमा दे ऐसा घोडा घुमा दे,
बालाजी संकट दूर भगा दे,
मैं तेरे रंग में रंग जाऊं,
हर घड़ी राम गुण गाऊं.....

तू तो दीवाना है सियाराम का मैं दीवाना तेरा,
राम की भक्ति में लीं है तू मैं गुण गाऊं तेरा,
सिन्दूरी चोला तेरे तन पे है साजे रे,
ह्रदय में तेरे सियाराम बिराजे रे,
प्यारे प्यारे दर्श करा दे,
के तेरे रंग में रंग जाऊं,
हर घड़ी राम गुण गाऊं....

कितनो के काम बनाये हैं अब है बारी मेरी,
मांगू ना मैं धन दौलत बस मांगू कृपा तेरी,
भक्तों में भक्त बड़ा दुनिया ने माना रे,
राम जी के चरणों में तेरा ठिकाना रे,
सोइ तू तक़दीर जगा दे,
के तेरे रंग में रंग जाऊं,
हर घड़ी राम गुण गाऊं ....

महिमा निराली सारे जग में अजब ही माया है,
भेद ना इसका कोई भी जान पाया है,
पूनम के संग तेरे गुण सदा गायें हम,
चरणों में निंत नित शीश झुकाएं हम,
ओ बाबा जीवन सफल बना दे,
के तेरे रंग में रंग जाऊं,
हर घड़ी राम गुण गाऊं.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31337/title/bala-ji-sankat-door-bhaga-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |